कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 14364 / एम–6 / 191 दिनांक 15.09.2026

विषयः– जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 15.09.2026 को ''चोरों ने जल जीवन मिशन की टोटियां तोड़ीः मुन्दीपुर गांव में पानी की बर्बादी, ऑपरेटर अनुराग शुक्ला कई बार बदल चुके टोटियां'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 15.09.2026 को ''चोरों ने जल जीवन मिशन की टोटियां तोड़ीः मुन्दीपुर गांव में पानी की बर्बादी, ऑपरेटर अनुराग शुक्ला कई बार बदल चुके टोटियां'' शीर्षक खबर प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड सीखड में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत निशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, किन्तु प्रदान किये गये नल कनेक्शन यथा नल/टोटी, जी0आई0 पाइप के रखरखाव/चोरी से बचाव की जिम्मेदारी उपभोक्ताओं की है।

भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3. जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता